शिक्षा विभाग

बिहार सरकार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् महेन्द्रू, बिहार, पटना–800006

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज(प्रारम्भिक) परीक्षा–2020 का परीक्षाफल प्रकाशन संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार, महेन्द्रू, पटना द्वारा दिनांक–17.11.2019 (रविवार) को आयोजित राष्ट्रीय प्रतिभा खोज(प्रारम्भिक) परीक्षा–2020 का Provisional Answer Key SCERT, Patna के website पर upload किया गया था एवं परीक्षार्थियों से Provisional Answer Key पर दिनांक–02.12.2019 तक आपत्ति माँगी गयी थी। उक्त परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों के सम्बन्ध में परीक्षार्थियों से प्राप्त आपत्तियों के निष्पादन हेतु विषय–विशेषज्ञों की गठित टीम द्वारा समीक्षोपरान्त पाया गया कि MAT के 07 एवं SAT के 01 प्रश्न त्रुटिपूर्ण हैं अथवा उनके विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं या प्रश्न के अनुसार विकल्प उपयुक्त नहीं है। विषय–विशेषज्ञों द्वारा आपत्तियों के निष्पादनोपरान्त recommended final model answer key परिषद् के website www.biharscert.in पर उपलब्ध है। इस सन्दर्भ में परिषद् द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज(प्रारम्भिक) परीक्षा –2020 के प्रश्न–पत्र में जो प्रश्न त्रुटिपूर्ण हैं उन्हें हटाते हुए पूर्णांक एवं प्राप्तांक की गणना कर न्युनतम अहर्तांक का प्रतिशत निर्धारित करते हुए मेधा सूची तैयार की गयी है, तदनुसार कुल सही प्रश्नों की संख्या के अनुसार पूर्णांक, प्राप्तांक एवं न्यूनतम अर्हतांक के आधार पर बिहार राज्य के निर्धारित कोटा 691के अनुसार मेधा सूची तैयार की गयी है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0	विषय	गलत प्रश्नों की संख्या	कुल सही प्रश्नों की संख्या (अर्थात् पूर्णांक)	न्यूनतम अर्हतांक	
				सामान्य कोटि एवं पिछड़ा वर्ग (40%)	अनुसूचित जाति / जनजाति एवं निःशक्त (32%)
01	MAT	07	93	37	30
02	SAT	01	99	40	32

निर्धारित कोटा के अनुसार श्रेणी वार cut off marks निम्नवत हैं :–

श्रेणी	सामान्य	सामान्य (निःशक्त)	आर्थिक रूप से कमजोर (EWS)	पिछड़ा वर्ग	पिछड़ा वर्ग (निःशक्त)	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग	अनु0 जाति	अनु0 जन जाति
cut off marks	129	66	77	118	78	106	95	120

उक्त परीक्षा में निर्धारित कोटा के अनुसार जिन आरक्षित श्रेणी के परीक्षार्थियों के द्वारा online apply के समय अपना आरक्षण से सम्बन्धित जाति प्रमाण–पत्र / निःशक्तता प्रमाण–पत्र के कॉलम को चिन्हित किये थे, परन्तु आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं किये है अथवा जो संलग्न प्रमाण–पत्र अस्पष्ट या पठनीय नहीं था, वैसे परीक्षार्थियों के आरक्षण का दावा स्वीकार नहीं किया गया हैं एवं सामान्य श्रेणी मानकर परीक्षाफल प्रकाशित किया गया है। मेधा सूची के अन्तर्गत आने वाले कुल 736 सफल परीक्षार्थियों का परीक्षाफल राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार, पटना के website www.biharscert.in पर उपलब्ध है। NTSE (PT) में सफल परीक्षार्थियों का Result Card शीध्र सम्बन्धित जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा Result Card सफल परीक्षार्थियों को हस्तगत कराया जाएगा, जिसकी सूचना बाद में दी जाएगी।

मेधा सूची के अन्तर्गत आने वाले सभी परीक्षार्थियों की मुख्य परीक्षा NCERT, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 10. 05.2020 (रविवार) को पटना स्थित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित किया गया था। Corona virus (Covid 19) का बढ़ते प्रकोप के कारण उक्त परीक्षा NCERT, New Delhi के द्वारा अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। NCERT, New Delhi के द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अगली तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र NCERT,नई दिल्ली के website- www.ncert.nic.in पर visit कर परीक्षा आयोजन तिथि के दो सप्ताह पूर्व Download कर प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश पत्र संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना के लिए विभागाध्यक्ष शैक्षिक सर्वे प्रभाग NCERT,New Delhi के दूरभाष सं0–011–26560464, तथा E.mail id-ntsexam.ncert@gov.in पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है ।

18/6/20

(गिरिवर दयाल सिंह)

निदेशक

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्,

महेन्द्रू, बिहार, पटना–06